## मुख्य समाचार

### सड़क दुर्घटना में पति की मौत व पत्नी गंभीर

**नारनौल »** शहर के नजदीकी गांव नीरपुर के पास बीएसएफ की गाड़ी से बाइक टकरा गई, जिससे बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से नारनौल के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, वहीं महिला का उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा गांव के पूर्व सरपंच सुभाष व उनकी पत्नी कमलेश करीब 10 बजे आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए नारनौल आए थे। वह जैसे ही नीरपुर के पास पहुंचे तो बीएसएफ की गाड़ी से बाइक टकरा गई। जिसकी वजह से बाइक पर सवार पूर्व सरपंच व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया। चिकित्सकों ने दोपहर बाद मृतक का पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया। बता दे कि मृतक सुभाष इस योजना से पहले गांव भीलवाड़ा के सरपंच थे।

### जननायक जनता पार्टी की महिला इकाई ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी की जिला प्रधान सुविधा शास्त्री ने महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष शीला भयान से सलाह-मशविरा करने उपरांत महिला जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है तथा इसके लिए उन्होंने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, नैना चौटाला, दुष्यंत सिंह चौटाला, दिग्विजय सिंह चौटाला एवं प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह का आभार व्यक्त किया है। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि जेजेपी महिला जिला कार्यकारिणी में कविता खेड़ी कांटी, गीता सराय एवं सर्वेश को दौचाना को वरिष्ठ जिला प्रधान बनाया गया है। इसी प्रकार ललिता बोचड़िया, अनुराधा यादव, बिमला जांगड़ा हमीदपुर, कोशिल्या सराय, आशा सराय, बनवारी कालबा, मनोज भांखरी, मीना खोड़, सीता खोड़ एवं ऊषा अटेली को जिला उपप्रधान बनाया गया है। इसी प्रकार नेहा शर्मा रामपुरा, ममता कटकई तथा विमलेश खोड़ को जिला सैक्रेट्री जनरल बनाया गया है। मीना गढ़ी रूथल, सीता देवी कौथल, प्रियंका खोड़, अंजू चिंडालिया, गीता गुजरवास, मीना सैनी नारनौल, रिंकी राजपुरा तथा सरोज धौलेड़ा को जिला जनरल सैक्रेट्री बनाया गया है। राजबाला खेड़ी तलवाना, स्नेहलता कौथल, पिंकी धौलेड़ा, मुन्नी देवी कौथल, सुमन चिंडालिया तथा ममता धौलेड़ा को जिला सचिव बनाया गया है।

### आफताब अहमद विधायक एवं पूर्व मंत्री ने जाहिर की लाखों वैलिड वोट कटने की आशंका

#### कहा- कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व तमाम वोटर मतदाता सूची में चैक करें अपना नाम

तेजयुग न्यूज़

**नूंह »** आफताब अहमद विधायक एवं पूर्व मंत्री ने प्रदेश में लाखों वोट कटे जाने की आशंका जाहिर की है। तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व



कार्यकर्ताओं के लिए जारी संदेश में आफताब अहमद ने सभी से वोटर लिस्ट चैक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं। लोगों ने जानकारी दी है कि बीजेपी-जेजेपी द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई और जानबूझकर कांग्रेस समर्थित लोगों की वोट काटी गई। कई जगह वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो इसे जनता के लोकतंत्रिक अधिकार पर सीधा हमला माना जाएगा। हार की बौखलाहट में सत्ताधारी पार्टियां जनता से उसका मतदान का अधिकार छीन रही हैं। इसलिए आफताब अहमद ने सभी पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं को इस मामले में सक्रिय हस्तक्षेप के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की पूरी वोटर लिस्ट चेक करें। चुनाव आयोग के जिला कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी का वोट काटा गया हो तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर इसकी जिम्मेदारी लें ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य उससे पहले जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

### असहाय लोगों के लिए वरदान सिद्ध हुई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

तेजयुग न्यूज़

**नूंह »** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त ईलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। असहाय लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरदान सिद्ध हो रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा अपने राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु शुरू की है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2018 में असहाय परिवारों की बीमारियों का फ्री में ईलाज करने के लिए लागू की थी। कुछ परिवार गरीबी के कारण अपनी बीमारियों का ईलाज करवाने में असमर्थ थे तथा बीमारियों के ईलाज पर होने वाले महंगे खर्चों की वजह से ये परिवार गरीबी और कर्ज के दलदल में गहरे धंसते जा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना को शुरू करके उनको कर्ज के दलदल में धंसने से बचाया है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णतः कैशलैस है, लाभार्थी व्यक्ति केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में ईलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतू लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर अपने परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकता है। इसके लिए पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना की अनूठी विशेषता पोर्टेबिलिटी है यानि चाहे मरीज किसी भी राज्य का हो, वह किसी भी राज्य के पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त ईलाज करवा सकते हैं। सरकार द्वारा न सिर्फ मुफ्त ईलाज की सुविधा दी जा रही है, अपितु ईलाज की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : बृजेश पाठक

तेजयुग न्यूज़





**रोहतक »** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पाठक आज रोहतक में मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते करोड़ों परिवारों को गरीबी की रेखा से बाहर लाया गया है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाए जा रहा है। सरकार ने अपराध व भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। रोहतक को महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में छोटे व बड़े उद्योग है, यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रोहतक क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं का भी तेजी से विकास हुआ है। सडक व रेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विश्व श्रेणी के बनाने का कार्य किया जा रहा है। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के निर्णय के संदर्भ में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी के इस फैसले से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा में किसी भी समय छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़ा पद दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी हरियाणा प्रदेश के ऐसे वर्ग से संबंध रखते हैं, जिसने अपनी मेहनत के बल पर पहचान बनाई है। नायब सैनी आम जनता के बीच में रहने वाले नेता है और उनके मुख्यमंत्री बनने से हरियाणा का विकास और भी तेज गति से होगा। इस अवसर पर सांसद डॉ अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, सचिव रेनू डाबला, अशोक खुराना, एडवोकेट अनीता बुधवार, प्रकाश आहूजा, पूर्व विधायक सरिता नारायण, सुमिता भाटिया जांगड़ा, डॉ. अशोक आर्य, तरुण सनी शर्मा, दीपू नागपाल, सुरेंद्र साहनेवाल, अमित बंसल व जयभगवान हुड्डा आदि मौजूद थे।

### महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी से लिया आशीर्वाद

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ऐतिहासिक गोकर्ण तीर्थ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां पर गोकर्ण तीर्थ स्थल के महंत महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी व बाबा कमलपुरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक स्थल देश-विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र है। इस तीर्थ स्थल पर आकर उन्हें सहज भाव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी धार्मिक कार्यों के अलावा दिन-रात लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। महामंडलेश्वर कपिलपुरी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात जूना अखाड़ा के उपाचार्य भी है। पाठक ने कहा कि इस धार्मिक स्थल पर आकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने तीर्थ स्थल पर बनी संत महात्माओं की समाधियों पर भी मत्था टेका। इस अवसर पर सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, भाजपा नेता पवन आहूजा, बाबा गुलाब पुरी, विद्यासागर तथा जयभगवान हुड्डा आदि मौजूद थे।

## श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाजी कालोनी में 10 मार्च से 17 मार्च तक 7 से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैआध्यातिम्क प्रवचन धारावाहिक आयोजन

तेजयुग न्यूज़





**रोहतक »** श्री कृपालु जी प्रेम मंदिर की और से आयोजित जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रमुख प्रचारिका ब्रज रस रसिका सुश्री भुवनेश्वरी देवी जी द्वारा भक्तियुक्त विलक्षण आध्यातिम्क प्रवचन धारावाहिक श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाजी कालोनी में 10 मार्च से 17 मार्च तक 7 से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया मुख्य अतिथि सहेली क्लब की पदाधिकारी प्रधान सरिता जैन, मीरा बंसल, वीना बंसल, रोजी खनेजा, पिंकी गर्ग, सविता, अनिता तायल एवं सुभाष तायल ने दीप प्रज्वलित करके प्रवचन के तीसरे दिन का शुभारंभ किया। सुश्री भुवनेश्वरी देवी ने कहा भारत के इतिहास में कई गुरु और जगतगुरू हुए और हैं, लेकिन श्री कृपालु जी महाराज को जगतगुरून्तम की उपाधि से विभूषित किया गया है। ये पहले ऐसे गुरु हैं जिन्होंने एक भी शिष्य नहीं बनाया किंतु इनके लाखों अनुयायी हैं। इन्होंने देश ही नहीं विदेशों में भी राधे कृष्ण की भक्ति का धुआंधार प्रचार प्रसार किया है। श्री कृपालु जी महाराज का संपूर्ण जीवन जीव कल्याण में ही बीता। सुश्री भुवनेश्वरी देवी जी का प्रवचन समस्त दार्शनिक प्रमाणों से युक्त होता है, जिससे जन सामान्य गृहस्थ में रहते हुए, समस्त सांसारिक कार्यों को करते हुए भी इस घोर कलिकाल में सरलता से ईश्वर प्राप्ति की तरफ अपने जीवन को मोड़ सकता है। प्रवचन में भगवन्नाम संकीर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देवी जी ने बताया कि भगवन्नाम में भगवान अपनी सारी शक्तियाँ लेकर बैठा है और नाम में भगवान का वास है। भक्ति एंव श्रद्धा युक्त होकर ही नाम लेना है। भगवन्नाम लेकर ही अनेक महापुरुषों ने भगवान की प्राप्ति की है। देवी जी ने अनेक प्रश्नों को हल करते हुए बताया कि अनेकों बार भगवान का नाम लेने पर भी हमें भगवान के नाम का फल क्यों नहीं मिलता। इस अवसर पर स्नेह लता जैन व कमल जैन के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जगमोहन चावला, अनिल सहानी, धर्मपाल अरोड़ा, राजकुमार ढल, कृष्ण किंती, सतीश शम्रा, उमा गोयल, प्रीति गोयल, चंचल, रेखा बत्तरा, मनोज गोयल, निखिल सिंगल, संजीव दुआ, हितेश मलिक, रामनिवास, विष्णु, मंगल अरोड़ा, प्रेम गर्ग, योगेश अग्रवाल, अशोक वधवा, संजय जुनेजा, सोम आहुजा, विक्रम आहुजा, अखण गर्ग, प्रेम कत्याल, सतपाल किनरा आदि उपस्थित थे।

## नागरिकता संशोधन अधिनियम से इंतजार कर रहे लोगों को होगा फायदा : ठाकुर

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़ »** केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार कोकहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लागू होने से 70 वर्षों से नागरिकता का इंतजार कर रहे लोगों को फायदा होगा। ठाकुर ने चंडीगढ़ में खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर समारोह से इतर यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिये विशिष्ट एथलीटों के विकास में और वृद्धि करनी है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुये विपक्षी दल 70 वर्षों से नागरिकता का इंतजार कर रहे लोगों के अधिकार छीनने के पीछे लगे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या विपक्षी नेताओं की मानवता मर चुकी है, आखिर उत्पीड़ित शरणार्थी हिंदू परिवार कहां जायेंगे। दिनदहाड़े उनके साथ दुर्व्यवहार होता है, उनकी जबरन शादी और धर्म परिवर्तन करा दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया समूह में अपना अहंकारी रूप दिखाया है। उन्होंने कांग्रेस को नहीं पूछा और न ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम में गयीं। बाद में उन्होंने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये। इसी प्रकार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने वायनाड में अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। कांग्रेस उत्तर प्रदेश से भी पलायन कर चुकी है।उन्होंने कहा कि कुछ लोग खुद को देश और देश के कानून से ऊपर समझते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान से चलने वाली और संविधान से देश को चलाने वाली पार्टी है। हमारे लिये संविधान सर्वोपरि है। हमने देश की संसद में जो कानून पारित किया उसे अक्षरशः लागू किया है। यह 75 वर्षों में और कोई नहीं कर पाया। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर नेहरू के दिये जख्मों के कारण जम्मू-कश्मीर में 45 हजार से ज्यादा हत्यायें हुईं। इसके लिये कांग्रेस और पंडित नेहरू दोषी हैं। श्री मोदी ने इस भूल को सुधारा है। आज कश्मीर के लोगों में जागरूकता, खुशहाली और समृद्धि आई है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अगर मोदी सरकार न होती तो अफगानिस्तान में गुरु ग्रंथ साहिब और सिख भाइयों के ऊपर हो रहे अत्याचार से उन्हें कौन बचाता। श्री मोदी ने करतारपुर कॉरिडोर पर पंडित नेहरू की गलती को सुधारा। पहले जो दर्शन दूरबीन से होते थे, वह आज वहां जाकर होते हैं। मोदी सरकार ने हेमकुंड साहब तक की कठिन यात्रा के लिये रोपवे बनाया। राष्ट्रीय राजमार्ग, बुद्ध सर्किट, यह सब आखिर किसने दिये।

श्री ठाकुर ने कहा, ' हमें समझना चाहिये कि आज अगर आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों एक साथ प्रगति कर रहे हैं, तो यह सिर्फ मोदी सरकार की देन है। आज सभी आस्था के केंद्रों पर पर्यटन पांच से सात गुना तक बढ़ा है। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और रोजगार, स्वरोजगार के अनेक साधन खुले हैं। भारत में ही राम मंदिर निर्माण के लिये 500 वर्षों का इंतजार करना पड़ा, 150 सालों तक मुकदमे लड़ने पड़े। यह मोदी सरकार है, जो अगर किसी कार्य का शिलान्यास करती है, तो उसका उद्घाटन भी करती है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

# जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : डीसी

**आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ, आवेदक साल में केवल एक बार ही ले सकेंगे आर्थिक सहायता**

#### आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत, अधिकतम एक लाख रुपए तक मिलेगा लाभ

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

तेजयुग न्यूज़

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

डीसी ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपत्ति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी।

डीसी ने कहा कि पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रकिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

## नवरंग कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शेख जलील चांदनी चौक से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे




तेजयुग न्यूज़

**नई दिल्ली »** नवरंग कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने आज मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया । नवरंग कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शेख जलील में घोषणा भी की लोकसभा चुनाव में दिल्ली से लोकसभा क्षेत्र चांदनी चौक क्षेत्र से लड़ने जा रहे हैं नवरंग कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को भारत के विभिन्न राज्यों में भी टिकट देने का वादा किया है शेख जलील ने बताया वह दिल्ली की राजधानी और दिल्ली के दिल चांदनी चौक से अपनी पार्टी नवरंग कांग्रेस पार्टी के तरफ से उम्मीदवार होंगे ।

शेख जलील ने कहा चांदनी चौक में व्यापारी वर्ग और सभी लोगों से और सभी विचारों के लोगों से और जनता के बीच में जाकर अपना चुनाव प्रचार भी शुरू करेंगे ,उनकी स्थानीय समस्याओं की भी बातचीत सुनेंगे , नवरंग कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह गिलास है नवरंग कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता सेवा करने आगे आयी है, नवरंग कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शेख जलील ने कहा चांदनी चौक में व्यापारी वर्ग से मुलाकात करेंगे और जनता से संवाद स्थापित करने करेंगे, चांदनी चौक में माडल टाउन और गुप्ता कालोनी, अशोक विहार में भी जनता से संवाद स्थापित करने जनता में जाएंगे।शेख जलील ने कहा मैं नवरंग कांग्रेस पार्टी और से चांदनी चौक के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों खिलाफ चुनाव लड़ेंगा ।